दिनांक 10.08.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पीएम स्वनिधि योजना को लेकर स्ट्रीट वेंडर्स के साथ लीड बैंकर्स की कार्यशाला

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत 14 हितग्राहियों को ऋण राशि का चेक प्रदान करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान किया गया।

निगम सभागार में आयोजित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के कार्यशाला कार्यक्रम में दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा की स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर उनका वेण्डर कार्ड बनाया गया है , इन वेंडरों को अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने सरकार द्वारा लोन प्रदान किया जाता है, योजना के तहत अधिक से अधिक वेंडर्स को लाभान्वित करने को लेकर आज एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें भिलाई निगम अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए निगम के साथ बैंक को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। एनयूएलएम के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बैंक के प्रतिनिधियों से कहा की स्वनिधि योजना के अंतर्गत निगम द्वारा भेजे जा रहे प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्य करते हुए लोन प्रक्रिया को जल्द पूरा करे ताकि ज्याद हितग्राही योजन से लाभान्वित हो सके । इस दौरान उपस्थित लीड बैंकर्स के प्रतिनिधियों ने डाक्यूमेंटेशन और लोन प्रोसेस की पूरी जानकारी स्ट्रीट वेंडर्स को दिए।

डिजिटल पेमेंट को बढ़ाने वाले हुए सम्मानित –

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में पीएम स्वनिधि के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि योजना के तहत लोन लेकर जो वेंडर व्यवसाय कर रहे है, नियमित बैंक का किश्त जमा करते है तथा डिजिटल पेंमेंट को बढ़ावा देने वाले वेंडर्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा तीसरे वर्ष के लिए 50 हजार रू लोन के लिए आवेदन करने वाले 14 हितग्राही वेंडर जिनका लोन बैंक से स्वीकृत हो गया है उनको आज लोन राशि का चेक भी प्रदान किया गया। पीएम स्व निधि के तहत अब तक 11180 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन मिल चुका है। योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को पहला लोन 10000 रुपए, द्वितीय लोन 20000 और तीसरा लोन 50000 प्रदान किया जाता है। हितग्राही वेंडर्स से लोन के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्क्रूटनी कर लोन स्वीकृत करने बैंक को भेजा जा रहा है।